# देखभाल कर्ता कौन होता है?

## (Who is a carer?)

देखभाल कर्ता परिवार का सदस्य, मित्र या पड़ोसी हो सकता है जो किसी ऐसे अन्य व्यक्ति की देखभाल करता है जो कमज़ोर वृद्ध, विकलांग या जीर्ण रोग से पीड़ित हो। देखभाल कर्ता ऐसा अक्सर, नियमित रूप से लगातार, जबकि कई बार देखभाल भत्ता या देखभाल भुगतान मिलने को छोड़ कर, बिना वेतन के सहायता देता है।

देखभाल कर्ता इन सबमें मदद कर सकता है:

- दिनचर्या की गतिविधियाँ
- सामाजिक सहायता
- यातायात, चिकित्सा संबंधी मिलने के समय नियत करना आदि
- निर्णय लेना
- भावात्मक सहायता देना।



## देखभाल कर्ता कहते हैं: (Carers say:)

"मैं यह बताना चाहता हूँ कि मेरी माता जी को नियमित रूप से शौच जाने के लिए कहा जाए तो – ऐसा करने से स्टाफ़ को बार-बार चादरें नहीं बदलनी पड़ेंगी
*कैरी – माँ की देखभाल करने वाला देखभाल कर्ता।*

"यह आवश्यक है कि स्टाफ़ पिता जी को बताए कि उनका भोजन आ गया है और वे आशा करते हैं कि उनको भोजन करने से आनन्द मिलेगा – यदि वे भोजन की ट्रे को रख कर चले जाएँगे तो पिता जी पहचान नहीं पाएँगे कि वह भोजन उनके लिए है
*ब्रैड – पिता की देखभाल करने वाला देखभाल कर्ता।*

स्टाफ़ को पता होना चाहिए कि यदि मेरी पत्नी बुदबुदाती है व अपने आप से बात करने लगती है तो वह चिन्तित हो रही है – उसे बस स्टाफ़ से शांत रूप से आश्वासन चाहिए कि *'बेरिल सब ठीक है, तुम सुरक्षित हो, हम तुम्हारी देखभाल कर रहे हैं।',*
*रेक्स – पत्नी की देखभाल करने वालादेखभाल कर्ता।*

और अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

**NBMLHD देखभाल कर्ता कार्यक्रम**
**(NBMLHD Carer Program)**
फ़ोनः 4734 2022, फ़ैक्सः 4734 3300
**NBMLHD-CarerProgram@health.nsw.gov.au**

Printed with permission of Central Coast Carer Support, CCLHD
(Copyright © 2014)

Health
Nepean Blue Mountains Local Health District

HINDI

# देखभाल करने में देखभाल कर्ता सहभागी हैं

(Carers are Partners in Care)

**नेपियन ब्लू माऊन्टेन स्थानीय स्वास्थ्य क्षेत्र**

**Nepean Blue Mountains Local Health District**

## याददाश्त, सोचना व विचारों के आदान-प्रदान में समस्या होना आदि से पीड़ित रोगियों के लिए अस्पताल में देखभाल को व्यक्तिगत बनाने में टॉप 5 (TOP 5) सहायता करता है




## टॉप 5 क्या है?

## (What is TOP 5?)

जब रोगी अस्पताल में होता है तो **मुख्य देखभाल कर्ता की रोगी के विषय में जानकारी व समझ,** विशेषकर विचारों के आदान-प्रदान व व्यवहार के बारे में, अस्पताल के स्टाफ़ के लिए इस रोगी की आवश्यकताओं को समझने में मदद करने के लिए **महत्वपूर्ण हो सकती है।**

टॉप 5, देखभाल कर्ताओं के साथ काम करने का एक साधन है, जिससे रोगी, देखभाल कर्ता व स्टाफ़ के लाभ के लिए उनकी समझ व विशेज्ञता को काम में लाया जाता है।



## इसमें क्या होता है?

## (What will happen?)

अस्पताल में जिस व्यक्ति की आप देखभाल कर रहे हैं उसे निश्चिंत व आराम से रखने के लिए आपके विचार में जो सबसे आवश्यक पाँच चीज़े स्टाफ़ को पता होनी चाहिए, इनके बारे में बात-चीत करने के लिए वार्ड से कोई नर्स या संबंधित स्वास्थ्य कार्यकर्ता आपसे फ़ोन से या जब आप अस्पताल में होंगे तो आमने-सामने संपर्क करेगा।

इस जानकारी को कहते हैं

सहमत कार्यनीतियाँ रोगी के पलंग पर टंगे चार्ट की टिप्पणियों में शामिल की जाएँगी।

देखभाल प्रदान करने में सहायता के लिए रोगी की देखभाल में शामिल स्टाफ़ इस जानकारी को देख पाएगा।

## TOP 5 कार्यनीतियों को पहचानना

## (Identifying TOP 5 Strategies)

निम्नलिखित प्रश्न उस व्यक्ति के लिए हैं जिसकी आप देखभाल कर रहे हैं और ऐसा हो सकता है कि ये उस व्यक्ति को व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करने में हमें एक साथ इन उत्तम कार्यनीतियों का विकास करने में सहायता दें।

- **क्या रोगी को यह चीज़ें/स्थितियाँ कष्ट दे सकती हैं? जैसे कि रंग, कोई विषय, पुरुष/महिला स्टाफ़, कपड़े।**
- **यदि बैचेनी नहीं हटती तो क्या किसी प्रकार के शब्द या गतिविधि है जो कष्ट दूर या शांत कर सकती है? जैसे कि, खिड़की के पास बैठना, संगीत सुनना, फ़ोटो देखना, कुछ पढ़ना, बत्ती बंद करना आदि।**
- **क्या दिनचर्या के कुछ नियमित काम हैं जिनसे बैचेनी हटाई जा सकती है, जैसे कि, नहाना, भोजन करना या नींद लेने का समय?**
- **क्या कोई बार-बार दोहराए जाने वाले प्रश्न या बार-बार होने वाली समस्याए हैं जिनके लिए विशेष उत्तर की आवश्यकता हो? इनका पसंदीदा उत्तर क्या है?**
- **क्या कोई है जिसे बुलाया जा सकता है? यह व्यक्ति या पालतू जानवर हो सकता है।**
- **क्या कोई ऐसे चिन्ह हैं जो किसी ज़रूरत या इच्छा को दर्शाते हों, जैसे कि, अस्थिरता का अर्थ हो शौच जाना?**